मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-494
05/11/2022

मुख्यमंत्री ने इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 101वीं कौंसिल मीट एवं टेक्निकल सेमिनार का किया उद्घाटन

पटना, 05 नवबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 101वीं गवर्निंग कौंसिल मीट एवं टेक्निकल सेमिनार का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार में जो निर्माण कार्य करवाया है उसको जरूर देखकर जाइएगा। हम एक बार आग्रह करेंगे कि बिहार म्यूजियम भी इनलोगों को दिखवा दीजिएगा। बिहार म्यूजियम अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनवाया है, उसको भी एक बार देख लीजिए। हमने कहा है कि चाहे बिल्डिंग बने, सड़क बने, पुल बने कोई भी चीज बने उसका निरंतर मेंटेनेंस होना चाहिए और उसके लिए हमने कन्सर्न विभाग को ही कहा है। इसके लिए जितने लोगों की बहाली करनी पड़े, कीजिए। जब मेंटेनेंस पूरे तौर पर होगा तो कभी कोई गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी। सरदार पटेल भवन वो भी जाकर देखिए, कितना सुंदर और मजबूत बनाया गया है। 9 रिक्टर स्केल तक इस भवन को कुछ नहीं हो सकता है। यहां से सिर्फ पुलिसिंग का काम ही नहीं होगा बल्कि आपदा प्रबंधन का काम भी यहां से होगा। यहां पर जो लोग भी रहेंगे उनको 7 दिन तक किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। अंदर जरूरत के सारे इंतजाम किए गए हैं। बड़ी खुशी की बात है कि 20 जगहों से आप सबलोग यहां आए हैं। आप सबलोगों का यहां स्वागत है। ये गरीब राज्य है लेकिन उसके बाद भी हमलोग सब के उत्थान के लिए काम करते रहते हैं। आपलोगों को पता है कि हम भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़े हैं, लेकिन इंजीनियर की नौकरी नहीं किए। हमको नौकरी मिल गई थी फिर भी हम नौकरी नहीं किए और आंदोलन में लग गए, जे0पी0 मूवमेंट से जुड़ गए। हमलोग तो काम कर रहे हैं, सेवा कर रहे हैं। हमको तो यहां आना ही था। बड़ी खुशी की बात है कि सब जगह से लोग आ गए। आप लोगों का अभिनंदन है, स्वागत है। कुछ जगहों को जरूर देख लीजिएगा तो आपलोगों को पता चलेगा कि यहां कैसी बिल्डिंग बन रही है। आपलोग विशेषज्ञ भी हैं इसलिए आपलोगों की सलाह से बहुत लाभ होगा कि भवनों का किस तरह से और बेहतरीन ढंग से मेंटेनेंस हो सकता है। हम यहां के अधिकारियों से भी कहेंगे कि आपलोगों की बात पूरी गंभीरता से सुनें। आपलोगों के अनुभव का फायदा उठाएं। आप यहां उपस्थित हुए हैं, पटना में आए हैं इसके लिए मैं आप सबलोगों को धन्यवाद देता हूं।

कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्री अरुण सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'पटना वास्तुकला का इतिहास और कथाएं' तथा इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की स्मारिका का मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विमोचन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख श्री राकेश कुमार, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के संस्थापक अध्यक्ष श्री ओ0पी0 गोयल, इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों द्वारा दिल्ली में प्रदूषण से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों के बारे में पूरी जानकारी ले लीजिए। हम सभी जगह लोगों को इसके लिए अलर्ट किए रहते हैं। वर्ष 2018 से ही हम पराली नहीं जलाने के लिए लोगों को समझाते आ रहे हैं। इसके लिए हम तो सभी को कहते रहते हैं। इस बार भी लोगों को हमने बता दिया है कि पराली नहीं जलाएं। दिल्ली में जो प्रदूषण बढ़ रहा है वो आस पास के क्षेत्रों के कारण हो रहा है, इन सभी को समझने की जरुरत है।

****